CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:45 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:34 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 273 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024

मलाइका अरोड़ा ने बेटे के...पेज-3 पर

## भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की मुख्य धारा से जुड़े 53 अफसर

देहरादून
हमारे संवाददाता



रत तिब्बत सीमा पुलिस अकादमी में 25 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त 52 चिकित्सा अधिकारी और 01 उप सेनानी / जैग अधिकारी कुल 53 अधिकारी बल की मुख्य धारा में शामिल हुए। इन अधिकारियों को कठोर एवं लम्बे प्रशिक्षण के दौरान युद्ध कौशल, शस्त्र चालन, शारीरिक प्रशिक्षण, आसूचना, मानचित्र अध्ययन, सैन्य प्रशासन, कानून व मानव अधिकार जैसे सैन्य व पुलिस संबंधी विषयों का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

पास आउट होने वाले इन अधिकारियों में 54वें गोस कॉम्बैटाइजेशन कोर्स के प्रशिक्षणार्थी देश के विभिन्न राज्यों से हैं, जिनमें केरल एवं राजस्थान से 08-08, तमिलनाडु से-05, उत्तरप्रदेश-04, आन्ध्रप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, मणिपुर से 03-03, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, पांडीचेरी से 02-02 एवं बिहार, असम, कर्नाटका, मध्यप्रदेश एवं उत्तराखण्ड से 01-01 प्रशिक्षणार्थी है। आज प्रशिक्षण के उपरान्त आयोजित भव्य दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह में इन युवा अधिकारियों ने संविधान एवं बल के प्रति निष्ठा एवं समर्पण की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि राहुल रसगोत्रा, भारतीय पुलिस सेवा, महानिदेशक, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने अपने संबोधन में पास आउट होने वाले सभी अधिकारियों को बल की मुख्य धारा में शामिल होने पर बधाई देते हुए इस बल में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रसगोत्रा 1989 बैच के मणिपुर कैडर के आईपीएस अधिकारी है। विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक और असाधारण आसूचना कुशलता पदक से भी अलंकृत किया गया है। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल 19 हजार फीट तक की उंचाई पर स्थित अग्रिम चौकियों में माइनस 45 डिग्री तापमान में भी मुश्किल हालातों में मुस्तैदी से काम करने वाला एक अनुशासित और अति प्रशिक्षित बल है, जो कि देश के अलावा विदेशों में भी महत्वपूर्ण संस्थानों को सुरक्षा प्रदान कर रही है। आंतरिक सुरक्षा हो, देश की सीमा की सुरक्षा हो, वीआईपी सुरक्षा प्रतिष्ठित संस्थान, आपदा प्रबंधन या फिर कोई अन्य विशेष कार्य देश को आवश्यकता पड़ने पर अग्रणी रहते हुए अपने कार्य का निर्वहन करता हैं।

मुख्य अतिथि ने नव नियुक्त अधिकारियों का आहवान करते हुए कहा कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल का इतिहास बहुत गौरवशाली रहा है। बल को आप लोगों से बहुत अपेक्षाएं है, इसलिए बल की परंपराओं को आगे बढाते हुए बल का नाम रोशन करना है। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने ई-अमोघ पत्रिका का विमोचन किया। इस पुस्तक में उपरोक्त कोर्सों के अब तक के सफर का संग्रहण किया गया है।

News कॉर्नर

### आज देहरादून समेत छह जिलों में तेज हवाएं चलने का अलर्ट

देहरादून। तेज हवाओं के साथ ही आज का दिन इस सीजन का सबसे अधिक गर्म दिन दर्ज हो सकता है। आईएमडी ने आज का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने देहरादून सहित छह जिलों में तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को दून के साथ उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। कहीं-कहीं आकाशीय बिजली भी चमक सकती है। इसके अलावा हरिद्वार, पौड़ी, उधमसिंहनगर में भी मध्यम से तेज हवाएं चलेंगी। तेज धूप के साथ दिन पर दिन गर्मी परेशान कर रही है। शुक्रवार यानी आज का दिन इस सीजन का सबसे अधिक गर्म दिन दर्ज हो सकता है। आईएमडी ने आज का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने की संभावना जताई है। बृहस्पतिवार को तेज धूप से परेशानी हुई लेकिन हवाओं ने राहत भी दी।

कांग्रेस-तृणमूल पहले चरण में परस्त और दूसरे चरण में ध्वस्त

## मालदा में विपक्ष पर गरजे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली
एजेंसी

पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस और टीएमसी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के राज में बंगाल में एक ही चीज चलती है-हजारों करोड़ो के स्कैम, शारदा चीट फंड, पशु तसकरी घोटाला, राशन घोटाले, कोयला घोटाले आदि।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रचार किया। इस प्रचार के दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि आज देश में दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और सुबह से ही लोग उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। मालदा में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, जो लोग मतदान के लिए उत्साह से निकल पड़े हैं, मैं उनका बहुत बहुत अभिनंदन करता हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं इतनी भीड़ देखकर खुश हूं कि इतने लोग मेरा स्वागत करने के लिए यहां आए हैं। आज लोग लोकतंत्र के महापर्व का उत्सव मना रहे हैं। मैं आपसे अपील करता हूं कि आप अपना वोट देकर भारत के लोकतंत्र में योगदान दें।



### महाराष्ट्र में वोटिंग की रफ्तार सबसे धीमी

दूसरे दौर में मणिपुर समेत 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान हो रहा है। पिछले चुनाव में इन 88 सीटों पर कुल 70.09 फीसदी मतदान हुआ था। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को हो रहा है। दूसरे दौर में मणिपुर समेत 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग हो रही है। इन सीटों पर कुल 1202 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मणिपुर की बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है।

## हल्द्वानी में ईडी का दवा कारोबारी बनमीत नरूला के आवास पर छापा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी में ईडी की बड़ी कार्रवाई हुई है। देहरादून से पहुंची ईडी की टीम ने यहां तिकोनिया स्थित दवा कारोबारी बनमीत नरूला के आवास पर छापा मारा है। इससे हड़कंप मचा हजुआ है। जानकारी के अनुसार बनमीत नरूला को कुछ दिन पहले वॉशिंगटन डीसी डार्क वेब के माध्यम से दवाओं की कालाबाजारी करने के आरोप में 7 साल की सजा सुनाई गई थी।

बनमीत ने अपने गुनाह को भी कबूला था। वहीं इसी मामले में शुक्रवार को देहरादून ईडी की टीम ने बनमीत के घर में छापा मारा है। बता दे की बनमीत का घर हल्द्वानी स्थित तिकोनिया में है जहां ईडी ने छापा मारा। बनमीत 15 करोड डॉलर का मालिक है। वह अमेरिका में नशे का धंधा करता है।

बनमीत ने इंग्लैंड में रहते हुए विश्व की सबसे बड़ी ताकत अमेरिका के 50 राज्यों में डार्क वेब के माध्यम से अपना जाल फैलाया और प्रतिबंधित दावों और ड्रग्स का भी जाल फैला दिया। उत्तराखंड पुलिस अब इसकी जांच में जुटी है। वहीं आज हल्द्वानी शहर में बनमित के घर में ईडी का छापा पड़ा है। इस मामले में अभी जानकारी आनी बाकी है। आज सुबह 6:00 अचानक जब आठ गाड़ियां गली में रुकी तो स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। बता दे कि जिस घर में ईडी ने छापेमारी की है वह पूर्व मिस इंडिया डॉक्टर अमित प्रीत का भी घर है।





## रुद्रपुर से चीफ फार्मासिस्ट को उठाकर ले गई दिल्ली पुलिस

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कार्रवाई
- पुत्र बंधू ने कराया है ससुर पर मुकदमा
- पशु चिकित्सालय में है कार्यरत

बहू को प्रताड़ित करने के आरोप में फंसे पशु चिकित्सालय के चीफ फार्मासिस्ट को दिल्ली पुलिस हिरासत में लेकर गई। बताया जा रहा है कि आरोपी पशु चिकित्सालय में चीफ फार्मासिस्ट पद पर कार्यरत हैं।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार की सुबह दिल्ली के थाना सागरपुर साउथ बेस्ट पुलिस की एक टीम कोतवाली पहुंची और कोतवाल धीरेंद्र कुमार से संपर्क कर अपनी आमद करवाई। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम ने रुद्रपुर स्थित पशु चिकित्सालय जाकर दबिश दी और मौके से आरोपी चीफ फार्मासिस्ट सुरेंद्र सिंह को हिरासत में हिरासत में लेकर गई। कोतवाल ने बताया कि आरोपी चीफ फार्मासिस्ट की बहु ने सागरपुर साउथ वेस्ट दिल्ली के थाने में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। कई बार बुलाने के बाद भी आरोपी नहीं पहुंचा,तो दिल्ली पुलिस ने दबिश देकर उसे हिरासत में लेलिया। उधर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एसबी पांडेय ने बताया कि विभाग के चीफ फार्मासिस्ट को दिल्ली पुलिस ने पारिवारिक विवाद के चलते पकड़ा है। मामले की जानकारी जुटाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जंगलों से आग स्कूल तक पहुंची, तीन कमरों सहित फर्नीचर जलकर खाक

चमोली/हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



चमोली जनपद के कर्णप्रयाग के पास देवाल के पास के जंगल में लगी स्कूल तक पहुंच गई। बृहस्पतिवार की रात्रि को इंटर कॉलेज के पीछे के जंगल में लगी अचानक आग से टीन सेट से बने तीन कमरे जलकर नष्ट हो गए हैं।

इन कमरों के अंदर का फर्नीचर भी नष्ट हो गया है। कमरों में हाईस्कूल की कक्षाऐं संचालित होती थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य एमआर घुनियाल के द्वारा दी गई जानकारी में बताया कि को जंगल की आग से विद्यालय के तीन कमरे व फर्नीचर जलकर नष्ट हो गया है।

प्रदेश भर से जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है। प्रदेश में एक नवंबर 2023 से अब तक वनाग्नि की 544 घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें 656.55 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुआ है। उधर केदारनाथ वन प्रभाग के धनपुर रेंज के जंगलों में लगी भीषण आग से कई हेक्टेयर वन क्षेत्र खाक हो गया। प्रदेश में एक नवंबर 2023 से अब तक वनाग्नि की 544 घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें 656.55 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुआ है।

केदारनाथ वन प्रभाग के धनपुर रेंज के जंगलों में भीषण आग लगी है। कई हेक्टेयर वन क्षेत्र वनाग्नि से खाक हो गया। सूचना पर धनपुर रेंज के कर्मचारी आग बुझाने में जुटे। बुझाने के बावजूद जंगलों में फिर आग लग रही है। धनपुर रेंज की रेंज अधिकारी शिवांगी डिमरी ने बताया कि कमेड़ा बीट, धनपुर रेंज केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत लगी वन अग्नि को गौचर क्रू स्टेशन की टीम द्वारा कड़ी मेहनत के उपरान्त देर रात को ही नियंत्रित कर दिए गया है। वन विभाग की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, बीते 24 घंटे में गढ़वाल में सात, कुमाऊं में 45 और दो वन्यजीव क्षेत्रों में आग की घटनाएं सामने आईं।

### एक्शन में कुमाऊं कमिश्नर जंगलों में आग लगाने वालों की खैर नहीं

कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं को निर्देश दिए हैं कि वह वनाग्नि के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में पैनी नजर रखें। जंगलों में आग लगाने वाले शरारती तत्वों पर एफआईआर दर्ज कराएं। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं पीके पात्रों को निर्देश दिए हैं कि वह वनाग्नि के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में पैनी नजर रखें और जंगलों में आग लगाने वाले शरारती तत्वों पर एफआईआर दर्ज कराएं। जंगल की आग बुझाने में पीआरडी जवान और होमगार्ड भी सहयोग करेंगे। कुमाऊं आयुक्त रावत बृहस्पतिवार को वीडियो कांफ्रेसिंग से वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

# प्रदेश में रोपवे प्रोजेक्टों की राह हो सकती है आसान

देहरादून

हमारे संवाददाता

रोपवे प्रोजेक्टों के व्यावहारिक दिक्कतों का समाधान हुआ तो कई नामी कंपनियां प्रदेश में आ सकती हैं। फ्रांस, स्विटजरलैंड से अध्ययन कर लौटी टीम सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

उत्तराखंड में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं के निर्माण की राह आसान हो सकती है। गौरीकुंड-केदारनाथ रोपवे परियोजना का टेंडर दो बार निरस्त हो चुका है। कई अन्य परियोजनाओं के टेंडर प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हो पाई है। कई नामी कंपनियों की उत्तराखंड के रोपवे प्रोजेक्टों में दिलचस्पी तो है, लेकिन व्यावहारिक दिक्कतों के कारण वे यहां आने से हिचक रही हैं।

फ्रांस व स्विटजरलैंड में रोपवे परियोजनाओं के विनिर्माण और संचालन का अध्ययन कर लौटी टीम ने देश-दुनिया की नामी कंपनियों से प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं के संबंध में बातचीत के लिए आमंत्रित



किया है। अध्ययन दल के सदस्य सचिव लोनिवि पंकज कुमार पांडेय के मुताबिक, हम एक अध्ययन रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, जिसे मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

पांडेय के मुताबिक, इस विदेश दौरे में रोपवे विनिर्माण एवं संचालन से जुड़ी आठ देशों की नामी कंपनियों व एजेंसियों के प्रतिनिधि एक जगह ही मौजूद थे। इनमें से कई ऐसी कंपनी व एजेंसियां भी थीं, जो देश में अलग-अलग रोपवे प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं। सात दिवसीय इस दौरे में फ्रांस व स्विट्जरलैंड में रोपवे निर्माण की तकनीक, इंजीनियरिंग और इनके संचालन को करीब से देखने का अवसर मिला।

साथ ही कंपनियों के सीईओ व प्रतिनिधियों से उत्तराखंड में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं के बारे में चर्चा हुई। उत्तराखंड में रोपवे परियोजनाओं की संभावनाओं को लेकर कई कंपनियों के प्रतिनिधि इच्छुक तो हैं, लेकिन उनकी अपनी व्यावहारिक दिक्कतें हैं, जिनके समाधान हो सकते हैं। अध्ययन से महसूस किया गया कि

### सात रोपवे प्रोजेक्टों की डीपीआर हो रही तैयार

वर्तमान में पर्वतमाला योजना के तहत पर्यटन विभाग राज्य में रोप वे प्रोजेक्टों के प्रस्ताव तैयार कर रहा है। अभी सात रोपवे परियोजनाओं की डीपीआर तैयार हो रही है। केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लि. (एनएचएलएमएल) को बनाना है, जबकि ऋषिकेश-नीलकंठ, औली से गोरसों, रानीबाग से हनुमान मंदिर, पंचकोटी से बौराड़ी, बलाती बैंड से खलिया, रैथल बारसू बरनाला, नगर-वरुणावत चोटी, कनकाचोरी कार्तिक स्वामी मंदिर की डीपीआर भी एनएचएलएमएल तैयार कर रहा है।

उत्तराखंड में रोपवे से जुड़ी अन्य परियोजनाओं के जरिये पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। हम एक अध्ययन रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं जिसका मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## मोमबत्ती समेत जैविक खेती और पशुपालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**नैनीताल।** महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से नैनीताल के ज्योलीकोट के गेठिया में कृषि विज्ञान केन्द्र के तत्वाधान में मोमबत्ती समेत जैविक खेती और पशुपालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान महिलाओं को मोमबत्ती उद्योग शुरू किए जाने को लेकर जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मोमबत्ती बनाने के लिए महिलाओं को पांच किलो मोमएजैलएधागाएरंग समेत मोमबत्ती निर्माण की सामग्री वितरण करी। साथ ही महिलाओं को जैविक विधि से ग्रह वाटिका बना कर फल सब्जी उगाने के लिए पंत बायो एजेंट के प्रयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान डॉ बलवंत सिंह समेत डॉ वी के सिंह ने महिलाओं को कुक्कुट पालन व मछली पालन की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान डॉ कंचन नैनवाल,दीप कुमार,कमला सत्यपाल व महिपाल चन्द्र लोहनी व गोविंदी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## भाजपा मंडल नैनीताल की लोकसभा चुनाव के बाद समीक्षा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी मंडल नैनीताल की बैठक लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात गुरुवार को समीक्षा बैठक के रुप में आहूत की गई जिसमें नैनीताल मंडल में कम मतदान को लेकर नैनीताल मंडल के पदाधिकारियों और मोर्चों के मंडल अध्यक्ष तथा महामंत्रियों ने अपने अपने विचार रखे तथा कम मतदान के कारण बताए और किस कारण मतदान कम हुआ और सुझाव दिए।

बैठक में मंडल के प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट और विधायक सरिता आर्या ने मण्डल के पदाधिकारियों और मोर्चों के अध्यक्षों से कहा की सरकार की योजनाओं को लोगों के मध्य अधिक से अधिक पहुंचाए जिससे जनता योजनाओं का लाभ ले सके। बैठक का संचालन महामंत्री मोहित लाल साह द्वारा किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, महामंत्री मोहन सिंह नेगी, उपाध्यक्ष लाल सिंह बिष्ट, हेम बहुखंडी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, मंडल मंत्री संतोष कुमार, सुरेश उप्रेती, मंडल मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत, मंडल आईटी संयोजक नवीन जोशीए मंडल सोशल मीडिया प्रभारी अरुण कुमारए सह सोशल मीडिया ललित ढैला, महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता गंगोला, महामंत्री विमला तिवारी, अमिता साह, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशु उपाध्याय, महामंत्री ऋतुल कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सलमान जाफरी तथा महामंत्री मो. मोहसिन समेत सभी मण्डल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मलेरिया से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मलेरिया दिवस के विशेष मौके पर गुरुवार को राजकीय बी.डी.पांडे जिला चिकित्सालय में मलेरिया से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.महिमन सिंह दुगताल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब नैनीताल में भी मलेरिया के केस देखने को मिल रहे हैं,इसलिए सभी को अपने घरों के स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना होगा साथ ही जीमेल व घर के आसपास पानी को एकत्र नहीं होने देना चाहिए क्योंकि मलेरिया का मच्छर हमेशा एकत्र पानी में ही होता है। इस दौरान डा.दुगताल ने कहा कि गर्मी के सीजन के दौरान खान-पान का भी विशेष ध्यान रखना होगा अगर किसी को भी बुखार या कभी खासी की शिकायत हो तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

इस दौरान लोगों को मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी भी वितरित की गई। इस मौके पर डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल ने कहा कि जागरूकता ही हमें किसी भी बीमारी से बचा सकती है इसलिए हमें खुद के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना होगा।



## NEWS / फटाफट

### भौतिक निरीक्षण व क्रियाशीलता का परीक्षण को टीम गठित

**नैनीताल।** अपर जिलाधिकारी पी. आर. चौहान ने बताया कि ग्रीष्मकाल में अग्निकाण्ड तथा वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम/नियंत्रण के लिए जिले के नगरीय इलाकों में संचालित फायर हाईड्रेण्टों के सुचारू व प्रभावी संचालन के दृष्टिगत हाईड्रेंटों के भौतिक निरीक्षण और क्रियाशीलता का परीक्षण के लिए टीमों को गठन किया गया है। चौहान के मुताबिक जिसके अंतर्गत नैनीताल नगर क्षेत्रान्तर्गत उप जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान, अग्निशमन अधिकारी जबकि हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत नगर मजिस्ट्रेट, अधिशासी अभियंता जल संस्थान, अग्निशमन अधिकारी तथा लालकुआँ नगर क्षेत्रान्तर्गत में उप जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान तथा अग्निशमन अधिकारी हल्द्वानी तथा रामनगर के लिए उप जिलाधिकारी व अधिशासी अभियंता जल संस्थान और अग्निशमन अधिकारी की टीमों का गठन किया गया। बताया कि सभी टीमें अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित समस्त फायर हाईड्रेटों का भौतिक निरीक्षण करते हुए उन्हें मौके पर संचालित करते हुए हाईड्रेण्टों में पानी की उपलब्धता और प्रवाह की जांच कर निरीक्षण व जांच की जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### 10वीं में उत्तरकाशी के राहुल ने किया टॉप, 12वीं में आयुष ममगाईं अव्वल

**देहरादून।** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद हरिद्वार की ओर से जारी 10 वीं के परीक्षा परिमाण में उत्तरकाशी के राहुल व्यास और 12वीं में पौड़ी गढ़वाल के आयुष ममगाई ने प्रदेश में टॉप किया। उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद हरिद्वार की ओर से आज शुक्रवार को 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। प्रदेश में उत्तराखंड संस्कृत बोर्ड से इस बार दसवीं में 754 और 12वीं में 722 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिनमें कक्षा 10 की बोर्ड की परीक्षा में उत्तरकाशी के राहुल व्यास और 12वीं में पौड़ी गढ़वाल के आयुष ममगाई ने प्रदेश में टॉप किया। प्रकाश व्यास श्री विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय उत्तरकाशी के छात्र हैं। जबकि आयुष ममगाई ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी सिद्धपीठ झोंजल, सितोनस्यूं पौड़ी गढ़वाल के छात्र हैं। वहीं दसवीं में श्री जयदयाल अग्रवार संस्कृत विद्याल श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल के सक्षम प्रसाद ने प्रदेश में दूसरा और दुर्गादत्त कपिलाश्रमी संस्कृत महाविद्याल हल्द्वानी नैनीताल के जगदीश चंद्र तिवारी ने तीसरा स्थान पाया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## पानी के बिल को ठीक करने की मांग को लेकर जल संस्थान कार्यालय का किया घेराव

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल में पानी के बिल ज्यादा आने से लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने जल संस्थान कार्यालय का घेराव कर पानी के बिल को ठीक करने की मांग की। उपभोक्ताओं ने जल संस्थान कार्यालय पहुँचकर नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंप तत्काल समस्या का निस्तारण करने की मांग की।

गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ता नितिन कार्की तथा विवेक वर्मा के नेतृत्व में तमाम पानी के उपभोक्ता जल संस्थान कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने सहायक अभियंता दिलीप सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंप बिलों में भारी बढ़ोतरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिला योजना की बैठक में जिलाधिकारी



और विधायक सरिता आर्या ने जल संस्थान को बढ़े हुए बिलों के लिए कैंप लगाकर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे।

मगर जल संस्थान की ओर से कोई कैंप नहीं लगाया गया। ना ही उपभोक्ताओं के बिलों में सुनवाई कर निस्तारण हुआ। उन्होंने निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान सहायक अभियंता ने उन्हें बढ़े हुए बिलों पर चेक मीटर लगाकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए.इस दौरान सोनू जाटव, दिव्यांश जोशी, अभिषेक तथा भुवन चंद्र व राहुल, वासु, मनोज कुमार व आकाश आदि लोग मौजूद रहे।

## पर्यटन सीजन की तैयारी बैठक के बाद पार्किंग की व्यवस्था को और अच्छा करने के आदेश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मां नयना देवी व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में बीते दिनों हुई पर्यटन सीजन की तैयारी बैठक के बाद कहा है कि डीएम ने बेहद संजीदगी के सभी बातों को तथा पार्किंग की व्यवस्था को और अच्छा और करने पर तुरंत कई आदेशों को भी जारी किया। बोले के व्यापार मंडल को उम्मीद है की लगभग इस बार परिस्थितियों को देखते हुऐ समय से हुई इस मीटिंग में जो भी निर्णय लिए गए हैं वे सभी विभागों द्वारा अमल में जल्द लायें जाएँगे साथ हो जो भी रिपोर्ट सूचना डीएम ने जिन विभागों और अधिकारियों से उनको प्रेषित करने को कहा गया है उस पर जल्द ही कार्य कर निवारण कर दिया जाएगा।टंडन के मुताबिक माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल द्वारा एक रूट प्लान तैयार किया गया है जिसे तुरंत ही पुलिस अधीक्षक यातायात हरबंश सिंह तक पहुंचाया जाएगा, इस संबंध में उनके साथ वार्ता करी भी गई है। उम्मीद है पुलिस को व्यवस्था को और सुचारू बनाने के लिए इससे मदद मिलेगी। माँ नयना देवी व्यापार मंडल पर्यटक की जानकारी के लिए एक फाम्पलेट भी छपवाने जा रहा है जिसपर पुलिस द्वारा फाइनल रूट प्लान और पार्किंग व्यवस्था चिन्हित कर पर्यटक को पुलिस की मदद से एंट्री पॉइंट्स पर वितरित करवाया जाएगा ताकि जानकारी के अभाव में पर्यटक परेशान ना हो और उसे परेशानी का सामने ना करना पड़े।

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## सकारात्मक पक्ष

*राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों तथा शिक्षकों ने प्रतिक्रियात्मक बयान और विरोध प्रदर्शन करके विवादित छवि बना दी। जेएनयू कुछ वर्षों से सुर्खियों में रहा है, लेकिन लंदन के शिक्षा विशेषज्ञों की संस्था द्वारा जेएनयू को विश्व में 20वां और भारत में सर्वोच्च यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया है। इसके साथ ही भारत के तीन प्रबंधन संस्थानों और एक चिकित्सा संस्थान को भी विश्व रैंकिंग में स्थान मिला है। खासकर जेएनयू को देश के सर्वोच्च संस्थान का दर्जा सकारात्मक पक्ष को उजागर करता है। शिक्षण संस्थानों को विवादों से अछूता रखना चाहिए। शिक्षण संस्थानों में सिर्फ और सिर्फ शिक्षा तथा शोध का वातावरण होना चाहिए।*

प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों पर सवाल उठते रहे हैं। अनेक शिक्षण संस्थानों पर धर्म एवं राजनीति से प्रेरित होने के आरोप लगते हैं। देशद्रोही गतिविधियों को लेकर भी उंगली उठती रही है। जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू), अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू), जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी आदि की कुछ गतिविधियों को लेकर विवाद उत्पन्न होते रहे हैं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों तथा शिक्षकों ने प्रतिक्रियात्मक बयान और विरोध प्रदर्शन करके विवादित छवि बना दी। जेएनयू कुछ वर्षों से सुर्खियों में रहा है, लेकिन लंदन के शिक्षा विशेषज्ञों की संस्था द्वारा जेएनयू को विश्व में 20वां और भारत में सर्वोच्च यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया है। इसके साथ ही भारत के तीन प्रबंधन संस्थानों और एक चिकित्सा संस्थान को भी विश्व रैंकिंग में स्थान मिला है। खासकर जेएनयू को देश के सर्वोच्च संस्थान का दर्जा सकारात्मक पक्ष को उजागर करता है। शिक्षण संस्थानों को विवादों से अछूता रखना चाहिए। शिक्षण संस्थानों में सिर्फ और सिर्फ शिक्षा तथा शोध का वातावरण होना चाहिए। उच्च शिक्षण संस्थानों का राष्ट्रीय स्तर पर आंकलन अखिल भारतीय सेवा (आईएएस) की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों से किया जाता है। इस मामले में जेएनयू आगे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद धार्मिक एवं वामपंथी विचारधारा की मानसिकता वाले नेताओं ने जेएनयू और एएमयू का कथित स्वार्थ के लिए दुरुपयोग करने का षडयंत्र रचा। जेएनयू में भारत तेरे टुकड़े-टुकड़े गैंग ने देशद्रोही आवाज उठाई। देशद्रोही गतिविधि में लिप्त लोगों के तार विदेश से जुड़े होने की बात भी सामने आई। केन्द्र सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए गिरफ्तारियां कीं। मेधावी और अध्ययन के प्रति गंभीर छात्रों तथा विद्वान प्राध्यापकों को प्रोत्साहित किया। इसका प्रमाण जेएनयू को सर्वोच्च दर्जा मिलने का प्रमाण है। भारत निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। वैज्ञानिकों के अतुलनीय योगदान से भारत को अंतरिक्ष व परमाणु शक्ति बनने का सम्मान प्राप्त हुआ है। भारत ने चंद्रयान का सफल प्रक्षेपण किया है। भारत के इंजीनियरों व डाक्टरों ने दुनिया के विकसित देशों में अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। विश्व की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख पदों पर भारत के तकनीकी विशेषज्ञ कार्य कर रहे हैं। भारत के आईआईएम, आईआईटी और एम्स की प्रतिष्ठा विश्व स्तर पर है। भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में विदेश से छात्र अध्ययन के लिए आते हैं। जेएनयू की श्रेष्ठता सिद्ध होने के बाद अन्य संस्थानों को भी विवादों से दूर होकर शिक्षा की गुणवत्ता को प्राथमिकता तथा देश को शिक्षा के क्षेत्र में विश्व गुरु का प्राचीन सम्मान दिलाने का बीड़ा उठाना चाहिए।

# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने दबोचा अंतरराज्यीय तस्कर

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर लाखों कीमती चरस बरामद की। एएनटीएफ ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एएनटीएफ प्रभारी पावन स्वरूप के नेतृत्व में टीम पिछले कुछ दिनों से पहाड़ी इलाकों में चरस तस्करी होने की सूचना मिल रही। इसी बीच सूचना मिली कि लोहाघाट इलाके से एक व्यक्ति भारी मात्रा में चरस की तस्करी करने की फिराक में है। जिसके बाद सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के आदेश पर टीम चंपावत पहुंची और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना लोहाघाट के मन्नार बैड खेतीखान के पास चेकिंग शुरू कर दी । पुलिस को देख एक व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा।

टीम में शामिल कर्मियों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुकेश



चंद्र सेल्ला निवासी गढकोट चंपावत बताया। टीम प्रभारी ने बताया कि टीम ने आरोपी के कब्जे से 1.362 किलोग्राम चरस बरामद की।

वह चरस को पहाड़ी, मैदानी और यूपी के सीमावर्ती इलाके में सप्लाई करता है। पुलिस ने बरामद चरस की अंतर्राष्ट्रीय कीमत पांच लाख रुपये से अधिक आंकी है। टीम में एसआई विपिन जोशी, एएसआई जगवीर शरण,मन मोहन सिंह, इसरार अहमद, वीरेंद्र चौहान समेत चंपावत थाने के एसएसआई चेतन रावत, एसआई पूरन सिंह, एएसआई धर्मेन्द्र, संजय, अशोक आदि शामिल थे।

**मुकदमा**

- लाखों कीमती 1.362 किलोग्राम चरस बरामद
- चंपावत का रहने वाला है आरोपी

## गंगोत्री-गोमुख ट्रैक का निरीक्षण कर लौटा दल

**देहरादून।** हिमखंड और ग्लेशियर के कारण गंगोत्री-गोमुख ट्रैक को निरीक्षण के लिए गए दल ने असुरक्षित बताया। अभी प्रशिक्षित ट्रेकर्स ही इस ट्रैक पर जा पाएंगे।

जिला प्रशासन के निर्देश पर गंगोत्री-गोमुख ट्रैक के स्थलीय निरीक्षण करने गया दल जिला मुख्यालय लौट आया है। टीम ने डीएम को बताया कि गोमुख ट्रैक पर कई स्थानों पर हिमखंड और ग्लेशियर आने से यह मार्ग चीड़बासा से करीब दो किमी आगे आम लोगों के पैदल आवागमन हेतु सुरक्षित नहीं है। ट्रैक को सुरक्षित करने के लिए मजदूर कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही अभी प्रशिक्षित ट्रेकर्स ही इस ट्रैक पर जा पाएंगे।

इस ट्रैक की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के लिए वन क्षेत्राधिकारी गंगोत्री नेशनल पार्क, साहसिक पर्यटन अधिकारी और निरीक्षक एसडीआरएफ की संयुक्त समिति गठित कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए थे। जांच दल में शामिल सदस्य ट्रैक का निरीक्षण करने के बाद जिला मुख्यालय पहुंचकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

# नैनीताल बैंक के सहयोग से हॉकी अकादमी का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में गुरुवार को नैनीताल बैंक के सहयोग से हॉकी अकादमी का शुभारंभ हुआ। बता दें कि नैनीताल के सबसे पुराने बैंक नैनीताल बैंक ने हॉकी को आगे बढ़ाने की दिशा में पहल की है और नैनीताल की सबसे अधिक छात्र संख्या वाले शिक्षण संस्थान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल को एक लाख रुपएं का आर्थिक सहयोग देकर हॉकी के खेल को पुनर्जीवित करने के लिए सार्थक पहल की जा रही है,इसमें प्रारंभिक दौर में लगभग 100 हॉकी खिलाड़ी कक्षा 4 से कक्षा 12वीं तक के तैयार किया जा रहे हैं।

इस मौके पर नैनीताल बैंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफि सर डॉ. दीपक पंत तथा बैंक के एसोसिएट जनरल मैनेजर एवं हॉकी के खिलाड़ी संजय गुप्ता तथा माल रोड नैनीताल बैंक की शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक राजेंद्र सिंह तथा हर्षित पंत ने भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में जाकर खिलाडियों को हॉकी स्टिक समेत हाकी बाल तथा विकेट कीपर किट आदि सामग्री वितरित की।



इस अवसर पर प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने नैनीताल बैंक का आभार व्यक्त करते हुए का कि नैनीताल में हॉकी को पुनर्जीवित करना भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय का सपना है। विद्यालय प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश एवं प्रोफेसर नीता शर्मा कैंपस डायरेक्टर कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर ने विद्यालय में हॉकी अकादमी के संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की। दूसरी ओर भारतीय रेलवे के राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने लगातार एक महीने से हॉकी के खिलाडियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया है और यह आश्वासन दिया कि वह आने वाले समय में पूरे नैनीताल नगर के हॉकी के खिलाडयिों को अपनी सेवाएं निःशुल्क देते रहेंगे ।

इस दौरान भीमताल ब्लाक के खेल समन्वयक अजय कुमार, डीएसए महासचिव अनिल गढिया, हाकी सचिव आलोक साह, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर देवेन्द्र सिंह बिष्ट, वरिष्ठ हाकी खिलाड़ी चन्द्र लाल साह, पुरातन छात्र संगठन के डां मनोज सिंह बिष्ट, हाकी जूनियर इंडिया के वरिष्ठ खिलाड़ी ललित साह,कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी कॉलेज के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. संतोष कुमार तथा हॉकी कोच सुनील कुमार ने विद्यालय को बधाई दी । इस दौरान विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती समेत डॉ. प्रहलाद तथा डॉ. रेनू बिष्ट व डॉ नीलम जोशी,व्यायाम शिक्षक गोविंद सिंह बोरा, आलोक ,शाहनवाज,उत्कर्ष बोरा, अवंतिका गुप्ता, मनीष कुमार तथा महेश आदि ने सहयोग किया।

नैनीताल की शान कहे जाने वाले हॉकी का खेल जिसे नैनीताल को दो-दो ओलंपिक खिलाड़ी राजेंद्र सिंह रावत और सैयद अली के रूप में दिए वहीं दर्जनों जूनियर इंडिया खेलने वाले खिलाड़ी भी दिए।

एक समय था जब नैनीताल की हॉकी का डंका पूरे देश में बजता था । धीर-धीरे हाकी के खेल की उपेक्षा होती रही और संसाधनों की कमी एवं उचित मार्गदर्शन के अभाव में हॉकी का खेल नैनीताल से लुप्त जैसा होने लगा। क्रिकेट और फुटबॉल के प्रति बढ़ती दीवानगी ने भी हॉकी के खेल को जबरदस्त नुकसान किया ।

# फिल्मी दुनिया

## मलाइका अरोड़ा ने बेटे के पॉडकास्ट में की थी अरबाज पर टिप्पणी





*मलाइका अरोड़ा ने डंब बिरयानी में अरबाज खान के बारे में कहा था कि वह जल्दी फैसले ले पाने में असमर्थ हैं। अब मलाइका की इस टिप्पणी पर अरबाज ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा पिछले दिनों अपने बेटे अरहान खान के पॉडकास्ट शो डंब बिरयानी में नजर आई थीं। उन्होंने पॉडकास्ट में कई मुद्दों पर खुलकर बात की थी। उन्होंने अपने पूर्व पति अरबाज खान पर भी कुछ टिप्पणियां की थी। अब मलाइका की टिप्पणी पर अरबाज खान ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, मलाइका अरोड़ा ने डंब बिरयानी में अरबाज खान के बारे में कहा था कि वह जल्दी फैसले ले पाने में असमर्थ हैं। पूर्व पत्नी की इस टिप्पणी पर अरबाज खान ने जूम एंटरटेनमेंट से बातचीत करते हुए अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि मलाइका को अपनी राय रखने का हक है और वह केवल उन्हीं अच्छी बातों पर ध्यान देना चाहेंगे, जो मलायका ने उनके बारे में कही है। अरबाज खान ने कहा कि यह मलाइका की राय है। उन्हें लगा होगा कि मैं कुछ चीजों में फैसला लेने पाने में असमर्थ हूँ। ऐसा नहीं है कि मलाइका ने अपने नजरिए से अरबाज की कमियों के बारे में ही बात की थी। उन्होंने अरबाज खान को एक निष्पक्ष इंसान करार दिया था, जो कुछ चीजों को लेकर काफी सुलझे हुए हैं।*

### साक्षात्कार में पढ़ा था

*अरबाज ने कहा कि उन्होंने मलाइका की इस बात को साक्षात्कार में पढ़ा था। उन्होंने बताया था कि मेरे विचारों में काफी स्पष्टता है। इसलिए मैं उनकी कही इस बात को अपने पास रख लेता हूं। अरबाज ने कहा कि मां और बेटे के बीच की यह बातचीत काफी दिलचस्प थी। मलाइका जो भी कहना चाहती हैं उसे वह कहने का अधिकार है। मैं सोचता हूं कि यह सही है। यह मलाइका की राय है और मैं किसी भी बात को लेकर विवाद खड़ा नहीं करना चाहता। मालूम हो कि अरबाज और मलाइका का रिश्ता 19 साल तक चला था और साल 2017 में दोनों एक-दूसरे से अलग हो गए थे।*

# गौलापार में नैब के बच्चों को किया जागरूक

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलियानी के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति की सचिव व द्वितीय अपर सिविल जज अलका एवं पैरा लीगल वालंटियर उमा भंडारी ने गौलापार स्थित नैब में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। शिविर में बच्चों को उनके कर्तव्यों और अधिकारों से अवगत कराते हुए शिक्षा के महत्व, शिक्षा के द्वारा सही और गलत की पहचान करना एवं बाल विवाह, बाल मजदूरी व बच्चों के शोषण से सुरक्षा एवं नशे से दूर रहकर स्वयं से और परिवार से प्रेम करते हुए अच्छी सामाजिक व्यवस्था में अपना एक श्रेष्ठ योगदान देने हेतु प्रेरित किया । नैब की अध्यक्षा सविता लाहोटी समेत स्टाफ व नैब के छात्र-छात्राओं एवं पुलिस विभाग से तारिक मलिक की उपस्थिति में जागरूकता शिविर संपूर्ण हुआ।



## News कॉर्नर

### धार्मिक स्थलों का सुरक्षा ऑडिट कर धामों की होगी कड़ी सुरक्षा

**देहरादून।** चारधाम यात्रा को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि बल्क एसएमएस के माध्यम से चारधाम यात्रियों को मौसम और मार्गों की जानकारी दी जाएगी। चारधाम यात्रा को लेकर धार्मिक स्थलों का सुरक्षा ऑडिट कर धामों की कड़ी सुरक्षा की जाए। चारधाम और उनके परिसर की एंटी सबोटाज चेकिंग कराई जाए। इसके अलावा यात्रियों को बल्क एसएमएस के माध्यम से मौसम-मार्ग अवरुद्ध होने की जानकारी दी जाए। चारधाम के मार्गों पर घोड़े खच्चर चलाने वालों के सत्यापन करें। साथ ही मार्गों पर अस्थायी थाने, चौकी, पर्यटन बूथ, बैरियर चिह्नित स्थानों पर स्थापित कर पुलिस बल तैनात किया जाए। यह निर्देश अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमान ने अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए। बृहस्पतिवार को पुलिस मुख्यालय में चारधाम यात्रा को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून एपी अंशुमान ने अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस कर यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त मार्गों को समय से सही कराया जाए। जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों के साथ चारधाम यात्रा को लेकर समस्याओं का समाधान कराया जाए। केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में घोड़े, खच्चरों के रुकने के लिए स्थान चिह्नित किए जाएं। इसके अलावा होटल, ढाबों पर काम करने और घोड़े, खच्चर चलाने वालों के सत्यापन किए जाए। दुकानों पर सामानों के निर्धारित मूल्यों की सूची को लगाई जाए। कहा कि चारधाम के दौरान मिलने वाली शिकायतों के समाधान के लिए सभी जनपद में आसान पहुंच वाले स्थान पर सेल का गठन किया जाए।

# अंडर-16 क्रिकेट लीग: सेमीफाइनल में भिड़ेंगे जीएनजी और डीके स्पोर्ट्स

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के दिशा निर्देश पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 जिला लीग में दो मुकाबले खेले गये। पहला मैच जीएनजी मैदान कमलुवागांजा में एसआरएस क्रिकेट एकेडमी और तनमय क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला गया। एसआरएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 39 ओवर में सभी विकेट खोकर 254 रन बनाये टीम के लिये निशांत भट्ट ने 70 रन, ओम तेजवानी ने 57 रन, उपेंद्र राजपूत ने 49 रन का योगदान दिया। तनमय के लिये देवांश सेन ने 4 विकेट, रोहित पाठक ने 3 व नरेंद्र ने 2 विकेट लिये। जवाब में खेलने उतरी तनमय क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 19 ओवर में सभी विकेट खोकर 58 रन पर ढेर होकर 196 रनों के अंतर से मैच हार गई। टीम के लिये शिवांग राज शर्मा ने 20 रन का योगदान दिया। एसआरएस के लिये विशाल खाती ने 4 विकेट रोहित ने 3 विकेट लिये। दूसरा मैच कॉर्बेट मैदान चकलुवा में हल्द्वानी कोल्ट्स और हल्द्वानी क्रिकेट फाउंडेशन के मध्य खेला गया। हल्द्वानी कोल्ट्स क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 405 रन बनाये। अमन बघेल ने शतकीय पारी खेलते हुए 105 रन, कुनाल हलसी ने 71 रन,भावेश गोस्वामी ने 59 रन, दिवजोत कोहली ने 44 रन का योगदान दिया। हल्द्वानी क्रिकेट फाउंडेशन के लिये मोहित जोशी ने 3 विकेट, अनिरुद्ध तेजवानी ने 2 विकेट लिये। जबाब में खेलने उतरी हल्द्वानी क्रिकेट फाउंडेशन की पूरी टीम 12वें ओवर में 46 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी। मैच को 359 रन से हार गई। टीम के लिये गर्वित ने 25 रन का योगदान दिया,हल्द्वानी कोल्ट्स के लिये वैभव ने 4 विकेट ,कार्तिक जोशी ने 2 विकेट लिए। मैच के अंपायर विजय आर्या, कुशाल सिंह,हिमांशु चतुर्वेदी,कमलेश जोशी जबकि स्कोरर हरप्रीत कंबोज और नीरज पनेरू थे।

# एएनटीएफ ने दबोचा नशा तस्कर भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन बरामद

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद में नशे के सौदागरों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत एएनटीएफ यूनिट और रम्पुरा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को हिरासत में लिया। हालांकि वह पुलिस से धक्का मुक्की कर भागने का भी प्रयास किया।

पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किए। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्वाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार की रात एएनटीएफ यूनिट प्रभारी कौशल भाकुनी,एसआई सुरेन्द्र रिंगवाल, रम्पुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी, हरीश गोस्वामी,विनोद खत्री, अमित जोशी,महेन्द्र सिंह आदि किच्छा रोड पर संदिग्धों व नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई को चैकिंग कर रहे। इसी बीच कूड़े के ढेर के समीप एक संदिग्ध दिखाई दिया तो उसे पकड़ने की कोशिश की। टीम में शामिल पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार तस्कर कर्मियों को धक्का मुक्की कर भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जुनैद रजा पुत्र रशीद खान निवासी वार्ड नं 17 खेडा रुद्रपुर बताया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि तस्कर एक महिला से खरीद लाता है और वह बेचने के लिए खड़ा था। उसे जेल की कार्रवाई की जा रही है।

## रुद्रपुर में कैंटर लूट की घटना से पुलिस में हड़कंप

**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र में कार सवार बदमाशों ने कैंटर चालक से मारपीट कर वाहन लूट कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। हालांकि पीड़ित की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी है। बताया जा रहा है कि हल्द्वानी निवासी कैंटर चालक ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार की रात हल्द्वानी से दिल्ली जाने के लिए भूरारानी रोड से जा रहा। आरोप है कि रास्ते में कार सवार 2 बदमाशों ने उससे मारपीट कैंटर लुट लिया । चालक के मुताबिक उक्त लोगों ने 25 हजार की नगदी छीन ली। बाद में वह धमकी देते हुए भाग गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक से घटना की जानकारी ली। वाहन लूट की घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया। फिलहाल मामला में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। इधर इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार ने लूट जैसी कोई घटना की सूचना नहीं है। उनका कहना था कि कैंटर की एक कार में साइड लगने की जानकारी मिली है। दोनों पक्ष कोतवाली में बैठे हैं। दो को लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले रखा है।

# युवक पर फायरिंग करने में चार युवक गिरफ्तार, तमंचा बरामद

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

● फायरिंग करने में आरोपी दो बाईकों पर सवार थे आरोपी, पुलिस ने जेल भेजा जेल

कोतवाली पुलिस ने युवक पर फायरिंग करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से प्रयुक्त तमंचा और कारतूस बरामद किया है।यूपी के रामपुर क्षेत्र शारदा कालोनी निवासी दीपक पुत्र धनी चंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बुधवार रात वह एक मेडिकल से दवाई लेने पैदल जा रहा था।

इसी बीच दो बाइक में सवार चार युवक आए और उससे गालीगलौज करने लगे। साथ ही उसके आगे बाइक लगाकर मारपीट शुरू कर दी। उसका आरोप था कि उसमें से एक युवक ने तमंचा निकाला और सीधे उसे जान से मारने के लिए फायर कर दिया। दीपक के मुताबिक नीचे झुकने के कारण वह बाल बाल बच गया। फायर की आवाज सुनकर लोग एकत्र हुए तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे।मौके पर एकत्र लोगों ने बताया कि आरोपी रम्पुरा निवासी राजेश, कशीश, अभय, राकेश है। फायर करने वाला युवक राजेश है। उसने पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की थी।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मारपीट और फायरिंग के आरोपितों को ब्लाक रोड से गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से फायर में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है। बाद में पुलिस ने उन पर मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिवाकर पांडे ने जीत दर्ज की



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर दिवाकर पांडेय,सचिव सर्वेश सिंह व कोषाध्यक्ष पर पावेल कठायत ने जीत दर्ज की। देर शाम को आधिकारिक घोषणा के बाद समर्थकों में जश्न का माहौल था।

बताते दें कि जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में बुधवार को 94 फीसदी मतदान कर अधिवक्ता मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। गुरुवार को मुख्य चुनाव अधिकारी सीपी जोशी, सहायक चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र सिंह डंग, चंचल बाला की मौजूदगी में सुबह ग्यारह बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ। देर शाम बाद वोटों की गिनती हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के दिवाकर पांडे को 308 मत मिले,जबकि प्रतिद्वंद्वी संजीव फौगाट को 127 मत मिले। चुनाव अधिकारियों ने अधिवक्ता दिवाकर पांडेय ने 181 से विजयी घोषित किया। वही सचिव सर्वेश सिंह को 261 मत मिले,जबकि प्रतिद्वंद्वी जसवंत सिंह ने 181 मत मिले। सर्वेश सिंह ने 80 मतों से विजयी प्राप्त की। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर पावेल कठायत ने 311,सर्वेश बाबू को 218 मत मिले। पावेल कठायत ने 93 वोटो से विजय प्राप्त की। उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण चंद को 248 मत,प्रतिद्वंदी अखलाक अहमद को 161 मत मिले। पकृष्ण चंद ने 87 मतों से विजय मिली । इसके अलावा कलेक्ट्रेट उपाध्यक्ष पर विष्णु कुमार मंडल,उप सचिव पर विकास तिवारी, पुस्तकालय अध्यक्ष पर गौरव मिढ्ढा,लेखा परीक्षक पर आशीष त्रिपाठी के अलावा वरिष्ठ सदस्य पर अमित छाबड़ा, अखिलेश कुशवाहा और कनिष्ठ परविंदर सिंह,जय प्रकाश गंगवार,संजीत बढ़ाई ने जीत दर्ज की। मतदान परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने खुशी जताते हुए जश्न मनाया। बता दें कि अध्यक्ष पद पर के लिए चार प्रत्याशी मैदान में थे और दिवाकर पांडे तीसरी बार अध्यक्ष बने हैं।

## इटली का 22 सदस्यीय दल गोमुख के लिए हुआ रवाना

**देहरादून।** इटली का 22 सदस्यीय दल गोमुख के लिए रवाना हुआ। इससे पहले उन्हें रास्ते की पूरी जानकारी विभाग की ओर से दी गई। इस साल का पहला इटली का 22 सदस्यीय दल गोमुख के लिए रवाना हुआ। दल को रवाना करने से पहले गंगोत्री नेशनल पार्क के कनखू बैरियर पर वन दरोगा राजवीर रावत ने दल को रास्ते की मुश्किलों और नियमों के बारे मे जानकारी दी।

# काशीपुर के पक्काकोट बिजली लाईन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जसपुर से काशीपुर के पक्काकोट के बीच बिजली लाईन का कार्य तीन साल बीत जाने के बाद भी पूर्ण नहीं करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने बिजली विभाग को निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को जल्द पूर्ण करें ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। दूसरी ओर गुरुवार को सुनवाई के दौरान विद्युत विभाग की ओर से कहा गया कि जसपुर पावर हाउस से पक्काकोट की दूरी 16 किलोमीटर है, विभाग ने आधा से अधिक कार्य पूर्ण कर लिया है केवल चार -पांच किलोमीटर के बीच कार्य और होना है इसलिए उन्हें 25 दिन का और समय दिया जाय। कोर्ट इससे सहमत होकर विभाग से कहा है कि इसे शीघ्र पूर्ण करें जिससे की आमजन को परेशानी न झेलनी पड़े। मामले के अनुसार काशीपुर निवासी मनोज कौशिक ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि पहले काशीपुर पावर हाउस से पक्काकोट व जसपुर के लिए बिजली की सप्लाई होती थी। परन्तु विभाग ने 2020 में जसपुर में एक पावर हाउस बना दिया। अब पक्काकोट के लिए विजली की सप्लाई जसपुर से होने लगी। लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी विभाग ने इस विधुत लाइन का मरम्मत का कार्य पूर्ण नही किया। जिसकी वजह से आये दिन इस क्षेत्र के लोगों को बिजली के संकट से जूझना पड़ रहा है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि इस विद्युत लाइन मरम्मत का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के आदेश विभाग को दिया जाए।

# शिक्षिका रेखा जोशी की स्मृति में जरुरतमंद बच्चों को स्टेशनरी बांटी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयागांव लछमपुर गौलापार में कई वर्षों तक सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत रही रेखा जोशी का एक वर्ष पूर्व बीमारी के कारण अकस्मात निधन हो गया था। निधन के एक वर्ष पूर्ण होने पर उनके पति महेश जोशी एवं पुत्र आदित्य जोशी ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयागांव लछमपुर में विद्यालय के प्रत्येक कक्षा से दो-दो छात्र-छात्राओं एवं 10 जरूरतमंद बच्चों को प्रत्येक विषय की कॉपियों तथा स्टेशनरी का वितरण किया। जिन बच्चों को सामग्री वितरित की गई उनमें उपासना, किरण, नेहा, पारस, ज्योति, चेतन, अंजलि, मयंक, गीतांजलि, नेहा शामिल हैं। इस दौरान महेश जोशी ने बताया कि उनकी पत्नी रेखा जोशी को बच्चों से बेहद लगाव था। वह हमेशा गरीब बच्चों की सहायता करती थी और गरीब बच्चों को पठन-पाठन की सामग्री के साथ ही उनकी जरूरत का सामान वितरित करती थी। उन्होंने बताया कि वह भी अपनी पत्नी के इस नेक काम को जारी रखेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने स्वर्गीय रेखा जोशी के पति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्व.रेखा जोशी की कमी हमेशा खलेगी। महसूस की जाएगी। इस दौरान उनकी याद में विद्यालय परिसर में पारिजात के पौधों का भी रोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका कविता भट्ट ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश जोशी, प्रधानाध्यापक अब्दुल रहीम, प्रधानाध्यापिका जानकी तिवारी, शिक्षक त्रिलोक तिवारी, भागीरथी देवी सेमियां, हेमलता तिवारी, सावित्रेश गुरुरानी, प्रमोद अग्रवाल, न्याय पंचायत संसाधन केंद्र लाखनमंडी के प्रभारी एवं उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन जनपद नैनीताल के जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार, आदित्य जोशी फाउंडेशन केयर के निदेशक समेत अभिभावक आदि उपस्थित थे।